विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

आसनसोल संस्करण




स्वच्छ भारत अभियान से जुड़े शरद पवार - 13 नेहरू किसी एक दल के नहीं : मेनका - 13

www.jagran.com






निश्शक्तों में उपहार देते डीपीएस स्कूल के छात्र जागरण

# छात्रों ने निश्शक्तों में बांटी खुशियां

**संस, बर्नपुर :** रामबांध चेशायर होम के निश्शक्त बच्चों में मिठाई व उपहार बांटकर शुक्रवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के छात्रों ने उनके साथ खुशियां बांटी। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के 28 छात्रों ने चेशायर होम के निश्शक्तों में सामान वितरण कर और सांस्कृतिक कार्यक्रम को प्रस्तुत कर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास किया।

स्कूल की शिक्षिका प्राप्ती बोस ने बताया कि निश्शक्त बच्चों को खुशी देने का प्रयास किया जा रहा है। स्कूल के छात्र पूरे दिन इन निश्शक्त बच्चों के बीच बिताएंगे। उन्होंने कहा कि सीबीएसई के पाठ्यक्रम सामाजिक जागरूकता का क्या मूल्य है इसकी भी जानकारी कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को दी जा रही है। कार्यक्रम में स्कूल की प्रिंसिपल विदिशा चटर्जी, प्रतीक गोयनका का विशेष योगदान है।